गुजरात में उद्योगों को तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा गैस की सप्लाई

1121. **श्री अमर सिंह वी राठवा :** क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गुजरात में उद्योगों को तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग से गैस सप्लाई करने की किसी योजना पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का ध्यान गुजरात में उद्योगों के विकास के लिये गैस की सप्लाई के लिये की जा रही मांग की ओर दिलाया गया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा): (क) से (घ). तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, गुजरात के गैस/तेल क्षेत्रों से गुजरात के विभिन्न उद्योगों को पहले से ही 1.8 मिलियन घन मीटर प्रति दिन की दर से गैस की सप्लाई कर रहा है।

दक्षिण बसीन से गुजरात तक एक अन्तः-सागरीय गैस पाइपलाइन बिछाने के लिये प्रायोजना तैयार करने सम्बन्धी अध्ययन आरम्भ कर दिया गया है, जिसको कि मार्ग में बम्बई हाई से आने वाली गैस पाइपलाइन के साथ परस्पर जोड़ दिया जायेगा ताकि महाराष्ट्र और गुजरात दोनों राज्यों की उनकी आवश्यकताओं के अनुसार अपतटीय गैस की सप्लाई की जा सके। इससे गुजरात की गैस सम्बन्धी भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी, इस समय की आवश्यकतायें गुजरात के वर्तमान तटीय क्षेत्रों से पूर्ण की जा रही है।

गंगापुर सिटी में ड्राइवरों के ठहरने के लिए व्यवस्था

†1122. **श्री मीठा लाल पटेल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करगे कि :

(क) क्या जम्मू तवी रेलगाड़ियों के ड्राइवरों के ठहरने के लिए विशेष रूप से कोटा में व्यवस्था की जाती है जबकि ऐसी व्यवस्था गंगापुर सिटी में पहले से विद्यमान है;

(ख) क्या गंगापुर सिटी स्टेशन पर जम्मू तवी एक्सप्रेस रेलगाड़ी की गति केवल 15 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी जाती है और यदि हां, तो गंगापुर सिटी पर यात्रियों की सब समस्याओं के समाधान के लिये गाड़ी के लिये 5 मिनट रुकने की व्यवस्था अन्य यात्री गाड़ियों की तरह न करने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या गंगापुर सिटी पर रेलगाड़ी रोकने की व्यवस्था करने का विचार है यदि हां, तो कब तक ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) रतलाम और नयी दिल्ली के बीच जम्मू तवी एक्सप्रेस को चलाने के लिए अपेक्षित दो सेट कर्मीदल कोटा में रखे गये हैं। कोटा में उनके ठहरने के लिए कोई विशेष प्रबन्ध नहीं किया गया है।

(ख) गंगापुर सिटी यार्ड में मोड़ आदि के कारण रफ्तार पर 85/100 कि०मी० प्रति घंटे का प्रतिबन्ध है। जम्मू तवी एक्सप्रेस तेज रफ्तार वाली एक अन्तर सिटी एक्सप्रेस